निस्कार्ट फादर एग्नल, वैशाली

हिंदी अभ्यास पत्रिका -२०१७-१८

माह - नवम्बर, कक्षा - 7

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

राष्ट्रीय एकता एक प्रबल शक्ति है | यह वीरता और बलिदान के कार्यो को बढावा देती है और जनता में आत्मविश्वास उत्पन्न करती है | यह देशवासियों को उन्नति के पथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है | संसार के लोगों ने राष्ट्रीय एकता की भावना से प्रेरित होकर अपूर्व उन्नति की है | राष्ट्रीय एकता जनता को व्यक्ति और समाज दोनों रूपों से प्रोत्साहन और प्रेरणा देती है | जब महात्मा गांधी ने असहयोग आन्दोलन आरंभ किया तो समूचा राष्ट्र एक भावना से गांधी जी के साथ जो लिया | एकता और संगठन की भावाना जागृत करने के लिए उन्होंने नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रो पर आधारित अनेक रचनात्मक कार्यक्रम आरंभ किए | आजादी के बाद समस्त भारत भावनात्मक एकता के सूत्र में बंधा है | चीनी अतिक्रमण इसका जीता-जगता प्रमाण प्रस्तुत करता है | उस कठिन समय में भारतवासियों के भावनात्मक एकता एकदम व्यावहारिक एकता में पतिवार्तित हो गई और आक्रांत चीन की चुनौती का पूरे राष्ट्र ने ललकार के साथ उत्तर दिया | इस समय हमारे देश को उसी प्रकार की भावनात्मक एकता की आवश्यकता है |

(क) राष्ट्रीय एकता देशवासियों को क्या प्रेरणा देती है ?
(ख) गांधी जी ने किस भावना को जागृत करने के लिए रचनात्मक कार्यक्रम आरंभ किए ?
(ग) किसके बल पर भारतवासियों ने चीनी आक्रमण का सामना किया ?
(घ) वर्मान समय में देश को किस प्रकार की एकता की अवश्यकता है ?
(ङ) (i) गद्यांश में से एक भाववाचक संज्ञा छाँटकर लिखिए ?
(ii) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए |

काव्यांश

प्रश्न 2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

चौड़ी सड़क गली पतली थी , दिन का समय घनी बदली थी |

रामदास उस दिन उदास था, अंत समय आ गया पास था |
उसे बता यह दिया गया, उसकी हत्या होगी |
धीरे-धीरे चला अकेले, सोचा साथ किसी को ले ले |
फिर रह गया, सड़क पर सब थे
सभी जानते थे यह उस दिन उसकी हत्या होगी |
खड़ा हुआ वह बीच सड़क पर, दोनों हाथ पेट पर रख कर |
सधे सद्म रख करके आए , लोग सिमट कर आँख गड़ाए |
लोग देखने उसको , जिसकी तय था हत्या होगी |
निकल गली से तब हत्यारा, आया उसने नाम पुकारा |
हाथ तौलकर चाकू मारा , छूटा लोहू का फव्वारा |
खा नही था उसने आखिर , उसकी हत्या होगी |

(क) रामदास की उदासी का क्या कारण था ?
(ख) रामदास अपने साथ किसी को लेते-लेते क्यों रुक गया ?
(ग) सड़क पर हत्या होने का क्या मतलब है ?
(घ) जनता के सामने एक आम आदमी की हत्या किस बात का सूचक है ?
(ङ) काव्यांश का कोइ उपयुक्त शीर्षक दीजिए |

प्रश्न - 3 दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए |

i. जीवन में खेल-कूद का महत्त्व

संकेत बिंदु - स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क , खेल से समस्त गुणों का विकास , स्वस्थ्य मनोरंजन का अनुपम साधन |

ii. बढ़ता तनाव - एक समस्या

संकेत बिंदु - तनाव की प्रकृति , कारण , दूर करने की उपाय |

iii. जब आवे संतोष धन, सब धन धुरि समान

संकेत बिंदु - अभिप्राय , सुख-शांति का मूलमंत्र , असंतोष से हानियाँ |

प्रश्न 4 - दिए गए चित्र को देखकर उसका वर्णन कीजिए |

<u>प्रश्न उत्तर</u>

<u>रक्त और हमारा शरीर</u>

अगर आपका मित्र कोई शारीरिक अक्षमता से पीड़ित है तो आप उसके कार्य में कैसे सहायता करेंगे?

- सबसे पहले आपको कंप्यूटर के बारे में किसने बताया और कैसे बताया?

<u>अपूर्व अनुभव</u>

- पाठ में यासुकी चान की तरह अगर आपके जीवन में कोई अपूर्व अनुभव है तो बताइए- |
- यासुकी-चान को अपने पेड़ पर चढाने के लिए तोत्तो-चान ने अथक प्रयास क्यों किया?
- अपनी माँ से झूठ बोलते समय तोत्तो-चान की नज़रें नीचे क्यों थी?
- तोमोए में पेड़ और बच्चों के बीच क्या सम्बंध है?
- अगर आप तोत्तो-चान की जगह होते तो आप इस परिस्थिति में किस प्रकार कार्य करते?

<u>एक तिनका</u>

- अगर आपको इस कविता का कोई और शीर्षक देना हो तो आप क्या दोगे और क्यों?
- कवि का अहंकार तिनके के कारण कैसे चला गया?
- इस कविता में कवि ने किस बात पर सबसे ज्यादा ज़ोर दिया है |
- घमंडी की आँख से तिनका निकालने के लिए उसके आस-पास लोगों ने क्या किया?
- आँख में तिनका पड़ने की बाद घमंडी की क्या दशा हुई?

- कंचे जब जार से निकलकर अप्पू के मन की कल्पना में समा जाते हैं तब क्या होता है?
- इस कहानी में अप्पू कंचे खरीद कर लता है | अगर आपको पैसे मिले तो आप खेलने की कौन-सी चीज़ खरीद कर लाओगे और क्यों?

- अप्पू ने जिस तरह से कंचे खरीदे उसे तुम कितना उचित मानते हो और क्यों?
- अप्पू बार-बार अपने दोस्त जॉर्ज को याद कर रहा था | इसका कारण क्या था?

<u>कंचा</u>

- अप्पू को कंचों से और आपको हार्दिक खुशी किस चीज़ के प्राप्त होने से मिलेगी?
- दुकानदार और ड्राईवर के सामने अप्पू की क्या स्थिति थी? वह दोनों उसे देखकर पहले परेशान होते हैं फिर हंस देते हैं | कारण बताइए |
- गुल्ली-डंडा और क्रिकेट में कुछ समानता है और कुछ अंतर | उनको स्पष्ट कीजिए |

<u>खानपान की बदलती तस्वीर</u>

- वर्तमान समय में 'फ़ास्ट फ़ूड' से होने वाले नुकसान और फायदे बताओ |
- स्थानीय भोजनों की श्रृंखला में बनाए जाने वाले भोजनों में से उनके नाम लिखो जो आपकी दादी/नानी घर में बनाती हैं |

- इस कहानी को आप अन्य शीषक क्या देंगे?

- स्थानीय व्यंजनों के प्रति लोगों का आकर्षण क्यों कम होता जा रहा है?
- खानपान की बदलती तस्वीर ने मध्यम वर्गीय जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया है |
- आजकल किस प्रकार के देशी और विदेशी व्यंजन को तैयार करने को प्राथमिकता दी जाती है |
- स्थानीय व्यंजनों की गुणवत्ता पर क्या असर हुआ है |
- आप किसी यात्रा के दौरान एक ढाबे पर रुक कर भोजन खाना चाहते हैं परन्तु वहाँ दाल रोटी साग महंगा है और फ़ास्ट फ़ूड सस्ता है | आपके पास रूपए कम है तो आप कौन-सा खाना खाना पसंद करोगे और क्यों?

<u>नीलकंठ</u>

- जाली घर में रहने वाले सभी जीव एक-दूसरे के मित्र बन गए थे पर कुब्जा के साथ ऐसा संभव क्यों नहीं हो पाया?
- वसंत ऋतु में नीलकंठ के लिए बंद रहना असहनीय क्यों हो रहा था?
- नीलकंठ को 'परफेक्ट जेंटलमैन' की उपाधी कैसे मिली?
- कुब्जा का नामकरण किस आधार पर किया गया?
- लेखिका ने मोर शावकों को कैसे पाला?
- कुब्जा के जीवन का अंत कैसे हुआ?
- लेखिका की तरह आप अपने पशु- पक्षी प्रेम को दर्शाने के लिए किस प्रकार के पशु-पक्षियों को पलना पसंद करेंगे और क्यों?

<u>शाम एक किसान</u>

- शीर्षक देना हो तो आप क्या दोगे और क्यों?
- कवि ने किसान की तुलना शाम से क्यों की है?
- इस कविता में कवि ने किस बात पर सबसे ज्यादा ज़ोर दिया है |
- पलाश के जंगल की तुलना अंगीठी से क्यों की गई हैं?
- कविता में कवि ने सूरज को किस रूप में चित्रित किया है?
- यदि आपके सामने समुद्र के किनारे डूबते हुए सूरज का चित्र हो तो आपके मन में किस प्रकार की कल्पना आएगी?

- इस कविता की कौन सी पंक्तियाँ आपको सबसे अच्छी लगी और क्यों?
- कविता का मूल सन्देश क्या है?